**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांकः 15 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

**इंजीनियरिंग की लैब, स्मार्टक्लास के कार्य को जल्द कराएं पूरा**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह ने शुक्रवार को निरीक्षण के क्रम में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माणधीन लैब, कांफ्रेंस रूम, वर्चुअल क्लास रूम के निर्माण कार्यों की समीक्षा की और कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया। कुलपति ने कहा कि नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय के अंदर रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शुरूआत की गई है। अत्याधुनिक लैब और क्लास रूम का निर्माण कराया जा रहा है ताकि पूर्वांचल के विद्यार्थी लाभान्वित हों। निरीक्षण के दौरान कुलपति एक एक कर ग्राउंड फ्लोर, प्रथम तल और द्वितीय तल का निरीक्षण किया। कुलपति ने प्रथम तल पर निर्माणाधीन डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस एंड मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी एंड डिजिटल फारेंसिक लैब, क्लाउट कंप्यूटिंग एंड इंटरनेट ऑफ थिंग्स लैब के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर एक महीने के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साफ सफाई को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। तत्पश्चात, द्वितीय तल पर मौजूद कंप्यूटर एडेड इंजीनियरिंग ग्राफिक्स लैब, इंजीनियरिंग मशीन एंड मटैरियल साइंस लैब के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। कार्यदायी संस्था को जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur